# सार्वजनिक सूचना (AISSEE) - 2026 के लिए

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
## National Testing Agency
**Excellence in Assessment**

सत्यमेव जयते

(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

SAINIK SCHOOLS SOCIETY · MINISTRY OF DEFENCE

### विषयः अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE) - 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि का विस्तार

सैनिक स्कूल सोसाइटी (एसएसएस) ने शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए देश भर के सैनिक स्कूलों / नए सैनिक स्कूलों में कक्षा VI और कक्षा IX में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE - 2026) आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

**अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE-2026) का कार्यक्रम इस प्रकार हैः-**

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करना | 10 अक्टूबर, 2025 से 30 अक्टूबर, 2025 (शाम 5:00 बजे तक) | |
| परीक्षा शुल्क | सामान्य / ओबीसी (एनसीएल) / रक्षा / भूतपूर्व सैनिक | ₹ 850 / - |
| | अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति | ₹ 700 / - |
| शुल्क के सफल भुगतान की अंतिम तिथि | 31.10.2025 (रात्रि 11:50 बजे तक) | |
| विवरणों में सुधार | 02.11.2025 से 04.11.2025 | |
| परीक्षा का पैटर्न | बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) | |
| परीक्षा का तरीका | पेन और पेपर (OMR शीट आधारित) | |
| परीक्षा की अवधि और माध्यम | कक्षा VI में प्रवेश के लिए परीक्षा : 150 मिनट - 13 माध्यमों में<br>कक्षा IX में प्रवेश के लिए परीक्षा : 180 मिनट - अंग्रेजी माध्यम में | |
| परीक्षा की तिथि | जनवरी, 2026 माह में | |
| एनटीए वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करना | वेबसाइट पर बाद में घोषित किया जाएगा | |
| वेबसाइट (वेबसाइटें) | https://exams.nta.nic.in/sainik-school-society/ | https://nta.ac.in/ |
| परिणामों की घोषणा | परीक्षा के बाद 04 से 06 सप्ताह के भीतर | |

परीक्षा की योजना / अवधि / माध्यम / पाठ्यक्रम, पात्रता मानदंड, सैनिक स्कूलों / नए सैनिक स्कूलों की सूची और उनमें संभावित प्रवेश, सीटों का आरक्षण, परीक्षा शहर, उत्तीर्णता आवश्यकताएँ, महत्वपूर्ण तिथियाँ आदि परीक्षा से संबंधित सूचना बुलेटिन में शामिल हैं।

**उम्मीदवारों और उनके अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए एनटीए की वेबसाइट देखते रहें।**

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन पत्र ध्यानपूर्वक भरें और आवेदन करने से पहले AISSEE-2026 के लिए विस्तृत सूचना बुलेटिन पढ़ें। उम्मीदवार **10.10.2025 से 30.10.2025** के बीच केवल https://exams.nta.nic.in/sainik-school-society/ पर ऑनलाइन आवेदन करें। परीक्षा शुल्क का भुगतान भी डेबिट / क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग / यूपीआई का उपयोग करके पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए, उम्मीदवार एनटीए हेल्प डेस्क को 011–40759000 (कॉल) पर कॉल कर सकते हैं या एनटीए को aissee@nta.ac.in (ईमेल) पर लिख सकते हैं।

हस्ताक्षर / -
निदेशक (परीक्षा), एनटीए

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

हेल्पलाइन नंबर : +91-11-40759000 /
वेबसाइट : www.nta.ac.in